केनरा बैंक Canara Bank

प्रधान कार्यालय : बेंगलूरु

राजभाषा अनुभाग : मानव संसाधन विभाग

36वां अखिल भारतीय केनरा बैंक राजभाषा अधिकारियों का वार्षिक राजभाषा सम्मेलन

दिनांक 21 व 22.02.2019

दो दिवसीय 36वां अखिल भारतीय केनरा बैंक राजभाषा अधिकारियों का वार्षिक राजभाषा सम्मेलन प्रधान कार्यालय बेंगलूरु के मुख्य सभागार में दिनांक 21 व 22 फरवरी 2019 को संपन्न हुआ। इस राजभाषा सम्मेलन का उद्घाटन **कार्यपालक निदेशक श्री एम वी राव** द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा संस्थापक को पुष्पार्पण कर किया गया। इस अवसर पर **श्री एल वी आर प्रसाद, महाप्रबंधक**, मानव संसाधन विभाग, श्री आर गिरीस कुमार, उप महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग तथा श्री एच एम बसवराज, सहायक महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग उपस्थित थे। कार्यक्रम में श्रीमती खुशबू कुमारी गुप्ता ने प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के आरंभ में सहायक महा प्रबंधक श्री एच एम बसवराज ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा केनरा बैंक में राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति पर प्रस्तुतीकरण दिया ।

तदुपरांत **कार्यपालक निदेशक श्री एम वी राव** ने अपने संबोधन में हिन्दी को केवल संवैधानिक दायित्व न मानकर इसे कारोबार से जोड़ने की बात कही यानि **हिन्दी को बिजनेस भाषा** के तौर पर देखने की सलाह दी। इसके बाद कार्यपालक निदेशक द्वारा राजभाषा अनुभाग, प्रधान कार्यालय द्वारा संकलित **'राजभाषा कार्यान्वयन के लिए मार्गदर्शिका'** का विमोचन किया। तदुपरांत संगृहित राजभाषा कक्ष, दिल्ली अंचल कार्यालय द्वारा संकलित **'राजभाषा नियम-अधिनियम तथा राजभाषा नीति संबंधी आदेशों का संकलन'** नामक पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

महा प्रबंधक श्री एल वी आर प्रसाद ने हिन्दी में काम करने हेतु तथा कर्मचारियों को हिन्दी प्रशिक्षण हेतु आकर्षक व रोचक ढंग से प्रशिक्षण आयोजित करने तथा हिन्दी को जानने व प्रयोग करने तथा जीवनयापन के लिए उपयोगी बनाने की बात कही। इसके बाद खुला सत्र में पूरे भारत से आए सभी राजभाषा अधिकारियों ने महा प्रबंधक एवं सहायक महा प्रबंधक से राजभाषा के बेहतर कार्यान्वयन पर विचार विमर्श किया।

तदनंतर एचआरएमएस के अधिकारियों के साथ **"ओएल मॉड्यूल"** के प्रयोग पर विचार विमर्श किया गया। **श्री रविकृष्णन, उप महा प्रबंधक**, कर्मचारी प्रशिक्षण महाविद्यालय द्वारा बैंकिंग गतिविधियों पर संबोधन दिया गया तथा कर्मचारी प्रशिक्षण महाविद्यालय के संकाय सदस्यों श्री संदीप घोष द्वारा सामान्य बैंकिंग उत्पादों पर तथा श्री अमित कुमार सिंह द्वारा बैंक के तकनीकी उत्पादों पर सत्र लिए गए।

श्री एस टी रामचंद्रा, महा प्रबंधक ने विपणन एवं व्यक्तिगत संबंधों पर संबोधन देते हुए अपने अनुभव साझा किए।

दिनांक 22 फरवरी 2019 को सभी राजभाषा अधिकारियों के कार्यनिष्पादन की समीक्षा अंचलवार व क्षेत्रीय कार्यालय वार की गई। इसके साथ ही सभी राजभाषा अधिकारियों के लिए प्रश्नोतरी प्रतियोगिता आयोजित की गई । इसके बाद श्री वी जयरामन, महा प्रबंधक, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के साथ विचार विमर्श सत्र था, श्री एस के एल दास, सहायक महा प्रबंधक, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग भी उपस्थित रहे, इस सत्र में राजभाषा अधिकारियों ने अपनी अपेक्षाएं महा प्रबंधक के समक्ष रखी, महा प्रबंधक ने आवश्यक अपेक्षाओं के समाधान का आश्वासन दिया तथा

बैंक में तकनीकी एवं डिजिटल की अद्यतन जानकारी के साथ कंप्यूटरों/ मोबाइलों में हिन्दी के प्रयोग के बारे में जानकारी दी।

तत्पश्चात् वार्षिक कार्ययोजना पर चर्चा की गई। इस हेतु सहायक महा प्रबंधक श्री एच एम बसवराज ने स्लोगन दिया – **'राजभाषा तथ्य की ओर'** । तदुपरांत श्रीमती वी श्रीलक्ष्मी, वरिष्ठ प्रबंधक, राजभाषा अनुभाग, प्रधान कार्यालय द्वाराउत्कृष्ट कार्यनिष्पादन करने वाले राजभाषा अधिकारियों के नाम उद्घोषित किए गए व इसके साथ ही राजभाषा अधिकारियों के लिए आयोजित प्रश्नोतरी प्रतियोगिता के विजेताओं के नामों की घोषणा की गई तथा **महा प्रबंधक श्री एल वी आर प्रसाद** ने उन्हें पुरस्कार वितरण किए। आगामी वार्षिक राजभाषा सम्मेलन से पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले श्री जगदीश प्रसाद, वरिष्ठ प्रबंधक, राजभाषा कक्ष, दिल्ली अंचल का सम्मान किया गया। सभी प्रतिभागियों द्वारा 'हम होंगे कामयाब' गीत सामूहिक रूप से गायन किया गया।

श्री मयंक पाठक, प्रबंधक, प्रधान कार्यालय ने पीपीटी प्रस्तुतीकरण की व्यवस्था संभाली। श्रीमती आर्या विश्वनाथ, राजभाषा अधिकारी, प्रधान कार्यालय ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। श्री तरुण शर्मा, राजभाषा अधिकारी, प्रधान कार्यालय ने कार्यक्रम को एक सूत्र में पिरोया।

Canara Bank
(भारत सरकार का उपक्रम)
रहे संग, बढ़े संग
(A Government of India Undertaking)
Together we can
21 & 22.02.2019
Office, Bengaluru
ईश वंदना

केनरा बैंक
Canara Bank
(भारत सरकार का उपक्रम)
रहे संग, बढ़े संग
(A Government of India Undertaking)
Together we can

केनरा बैंक
Canara Bank
(भारत सरकार का उपक्रम)
रहे संग, बढ़े संग
(A Government of India Undertaking)
Together we can

केनरा बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)
रहे संग, बढ़े संग
Canara Bank
(A Government of India Undertaking)
Together we can
अध्यक्षीय संबोधन
श्री एम वी राव
कार्यपालक निदेशक
केनरा बैंक
Canara Bank

केनरा बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)
रहे संग, बढ़े संग
36वां अखिल भारतीय केनरा बैंक राजभाषा अधिकारियों का वार्षिक
36th All India Canara Bank Official Language Officers' Annual
21 & 22.02.2019
केनरा बैंक
Canara Bank

ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್
केनरा बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)
रहे संग, बढ़े संग
Canara Bank
(A Government of India Undertaking)
Together we can
36ನೇ ಅಖಿಲ ಭಾರತ ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ ಅಧಿಕೃತ ಭಾಷಾ ಅಧಿಕಾರಿಗಳ ವಾರ್ಷಿಕ ಸಮ್ಮೇಳನ
36वां अखिल भारतीय केनरा बैंक राजभाषा अधिकारियों का वार्षिक राजभाषा सम्मेलन
India Canara Bank Official Language Officers' Annual Conference
21 & 22.02.2019
Head Office, Bengaluru
ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್
केनरा बैंक
Canara Bank

केनरा बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)
रहे संग, बढ़े संग
Canara Bank
(A Government of India Undertaking)
Together we can
36ನೇ ಅಖಿಲ ಭಾರತ ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ ಅಧಿಕೃತ ಭಾಷಾ ಅಧಿಕಾರಿಗಳ ವಾರ್ಷಿಕ ಸಮ್ಮೇಳನ
36वां अखिल भारतीय केनरा बैंक राजभाषा अधिकारियों का वार्षिक राजभाषा सम्मेलन
36th All India Canara Bank Official Language Officers' Annual Conference
21 & 22.02.2019
ಪ್ರಧಾನ ಕಚೇರಿ, ಬೆಂಗಳೂರು प्रधान कार्यालय

केनरा बैंक
Canara Bank
Together we can
36वां अखिल भारतीय केनरा बैंक राजभाषा अधिकारियों का वार्षिक राजभाषा सम्मेलन
36th All India Canara Bank Official Language Officers' Annual Conference
21 & 22.02.2019
Head Office, Bengaluru
1.THE CHALLENGES
4.END PIECE
REDMI NOTE 6 PRO
MI DUAL CAMERA